**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**सम्पदा विभाग**
**लखनऊ**

**बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत्त - भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ के मुख्य कार्यालय भवन के लिए बागवानी और गार्डनिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिए ई-निविदा**

भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ के मुख्य कार्यालय भवन के लिए बागवानी और गार्डनिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिए सीपीपी वेबसाइट पर 06 अगस्त 2026 को जारी ई-निविदा के संदर्भ में, 11 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आरबीआई लखनऊ के सम्मेलन कक्ष में एक बोली-पूर्व बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य शामिल हुए।

| आरबीआई अधिकारियों का नाम | पदनाम |
|---|---|
| श्रीमती हिमानी शेखर | सहायक महाप्रबंधक |
| श्री धर्मेंद्र कुमार स्वामी | प्रबंधक (शि एवं सु) |
| श्री दिशांत चंद्रायण | प्रबंधक |
| श्री आशीष सिंह | सहायक प्रबंधक |
| श्री मनोज कुमार यादव | सहायक प्रबंधक |
| श्री नितेश कुमार | सहायक प्रबंधक |
| श्रीमती हर्षिता त्रिपाठी | सहायक प्रबंधक (तकनीकी–सिविल) |

बैठक में शामिल होने वाले ठेकेदार के प्रतिनिधियों की सूची:

| फर्म के प्रतिनिधि का नाम | फर्म का नाम |
|---|---|
| श्री जय कुमार शर्मा | मेसर्स जय कुमार |
| श्री मनोज श्रीवास्तव | मेसर्स फर्स्ट मैन मैनेजमेंट सर्विसेज प्रा. लि. |
| श्री प्रमोद भाई | मेसर्स व्योम ग्रीनटेक |

**2.** वेंडरों की ओर से बोली-पूर्व पूछताछ और उन पर बैंक की टिप्पणियाँ इस प्रकार हैं**:**

| **क्रम संख्या** | **बोली-पूर्व पूछताछ** | **बैंक की टिप्पणियाँ** |
|---|---|---|
| 1. | ग्रैच्युटी का भुगतान कैसे किया जाएगा? | इस संबंध में यदि लागू हो, तो ठेकेदार द्वारा किए गए व्यय/अंशदान का वास्तविक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर बैंक द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। बोलीदाताओं को सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित अधिनियमों आदि के तहत देय ग्रैच्युटी का भुगतान किया जाए। |
| 2. | न्यूनतम सेवा शुल्क की गणना कैसे की जाती है? | बोलीदाता को मूल्य बोली (Price Bid) में प्रतिशत उद्धृत करना होगा और सीपीपी पोर्टल स्वचालित रूप से राशि की गणना करेगा। |
| 3. | कृपया स्पष्ट करें कि क्या निविदा अवधि की समाप्ति के बाद मुख्य कार्यालय परिसर में गमलों सहित 1500 स्टॉक फूलदार पौधों को वापस ले जाने की ठेकेदार को अनुमति है? | नहीं। कृपया निविदा दस्तावेज़ देखें जिसमें ठेकेदार को मुख्य कार्यालय परिसर में गमलों सहित 1500 स्टॉक फूलदार पौधों के लिए परिवर्तनीय घटक "C" में मूल्य उद्धृत करना है। ये ठेकेदार को वापस नहीं किए जाएंगे। पौधों के प्रतिस्थापन आदि से संबंधित अन्य शर्तें निविदा दस्तावेज़ के अनुसार समान रहेंगी। |
| 4. | कृपया ठेकेदार द्वारा प्रदान किए जाने वाले फूल एवं पौधों की सूची प्रदान करें। | तत्संबंधी पौधों एवं पुष्पों के कुछ प्रतिदर्श नाम सूची में विनिर्दिष्ट किए गए हैं। कृपया ध्यातव्य है कि उक्त सूची समावेशी नहीं है और इसे केवल उदाहरणार्थ प्रस्तुत किया गया है।<br><br>**Outdoor Plants:**<br><br>• गुड़हल: Hibiscus<br>• इक्जोरा: Ixora (Jungle Geranium)<br>• बेला: Arabian Jasmine (Mogra)<br>• चाँदनी: Crape Jasmine<br>• बोगनविलिया: Bougainvillea<br>• मुसेंडा: Mussaenda<br>• एडेनियम/डेजर्ट रोज: Adenium/Desert Rose<br>• गुलाब: Rose<br>• शंकुधारी/मोरपंखी: Thuja/Cypress/Conifer<br>• फोटकेरिया/फॉक्सटेल: FoxtailPalm/Furcraea<br>• मौसमी/मोसंबी: Sweet Lime<br>• सफ़ेद फाइकस: Variegated Ficus |

| क्रम संख्या | बोली-पूर्व पूछताछ | बैंक की टिप्पणियाँ |
|---|---|---|
| | | • फाइकस: Ficus / Weeping Fig<br>**Indoor / House Plants:**<br>• अरेका पाम: Areca Palm<br>• डिफेनबेकिया: Dieffenbachia / Dumb Cane<br>• क्रोटन: Croton<br>• सिगोनियम: Syngonium/Arrowhead<br>• पीस लिली: Peace Lily<br>• लकी प्लांट/पैंडानस: Pandanus/ Lucky Plant<br>• रेपिस पाम/लेडी पाम: Rhapis Palm/Lady Palm<br>• स्नेक प्लांट: Snake Plant<br>• सॉन्ग ऑफ इंडिया: Song of India<br>• ड्रेसीना: Dracaena<br>• अरौकेरिया/क्रिस्टमस ट्री: Araucaria / Christmas Tree<br>• ऐग्लोनिमा वाइट: White Aglaonema<br>• जेड जेड प्लांट: ZZ Plant |
| 5. | कर्मचारियों को प्रदान की गई वर्दी का प्रतिस्थापन? | क्षतिग्रस्त वर्दी के प्रतिस्थापन का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा, जब भी आवश्यक हो, बिना किसी अतिरिक्त लागत के। |

| **कृपया ध्यान दें:** |
|---|
| यह दस्तावेज़ (बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत्त) निविदा का हिस्सा होगा। इसलिए, निविदा भरने वालों को इस पर हस्ताक्षर करके इसे निविदा के साथ जमा करना होगा। |
| निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित शेष सभी शर्तें और विनिर्देश पहले की तरह ही रहेंगी। |
| उपर्युक्त संशोधन/स्पष्टीकरण सभी इच्छुक बोलीदाताओं की जानकारी के लिए जारी किए गए हैं। |
| फर्म द्वारा बोली जमा करने को बोली दस्तावेज़ और ऊपर दिए गए संशोधनों/स्पष्टीकरणों के अनुरूप माना जाएगा। |
| यदि किसी वेंडर ने बोली-पूर्व बैठक के कार्यवृत्त जारी होने से पहले ही सीपीपी पोर्टल पर अपनी बोली अपलोड कर दी हैं, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली में बदलाव करें और उन्हें सीपीपी पोर्टल पर पुनः अपलोड करें। |

**क्षेत्रीय निदेशक**
**भारतीय रिजर्व बैंक**
**लखनऊ**